Roll No. ..............

# 1101

## कक्षा 11वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2024-25

[051]

# HINDI
# हिन्दी

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 80]

*निर्देश –*

*(i)* *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*

*(iii)* *प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप–प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।*

*(iv)* *प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल 10 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।*

*(v)* *प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।*

*(vi)* *प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।*

*(vii)* *प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*



https://www.mpboardonline.com

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1×6=6)

(1) चंपा के पिता का नाम था –

(अ) ग्वाला (ब) सुन्दर

(स) बालम (द) गाँधी बाबा

(2) मियाँ नसीरुद्दीन के अनुसार पापड़ से भी महीन रोटी है –

(अ) खमीरी (ब) ताफतान

(स) बेसनी (द) तुनकी

(3) जहाँ टेढ़ा मेढ़ा कथन हो, वहाँ अलंकार होता है –

(अ) विशेषोक्ति (ब) वक्रोक्ति

(स) अन्योक्ति (द) अतिश्योक्ति

(4) तकनीकी शब्द <u>नहीं</u> है –

(अ) गद्यांश (ब) सेल

(स) पूंजी (द) लोटा

(5) कुँई की खुदाई करने वाला औजार है –

(अ) कुल्हाड़ी (ब) फावड़ा

(स) बसौली (द) छैनी

(6) द्वारपाल (गेट कीपर) इसमें होते हैं –

(अ) अन्तःवैयक्तिक संचार (ब) अंतर्वैयक्तिक संचार

(स) समूह संचार (द) जनसंचार

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए – (1×6=6)

(1) कबीर की भाषा .................................... है। (अवधि / सधुक्कड़ी)

(2) समग्र जीवन का चित्रण .................................... में होता है। (महाकाव्य / खंडकाव्य)

(3) 'अपू के साथ ढाई साल' मूलतः .................... भाषा में लिखा गया। (हिंदी / बांग्ला)

(4) अर्थ के आधार पर वाक्य .......................... प्रकार के होते हैं। (तीन/आठ)

(5) कुँई को .................................... की रस्सी से बांधा जाता है। (खींप / नायलोन)

(6) डायरी नितांत .................................... रचना है। (सार्वजनिक / वैयक्तिक)

प्र.3 निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य/असत्य लिखिए – (1×6=6)

(1) मीरा की भक्ति साख्य भाव की है।

(2) रोला छंद के प्रत्येक चरण में चौबीस मात्राएँ होती हैं।

(3) 'विदाई संभाषण' पाठ में लार्ड कर्जन की विदाई की बात कही गई है।

(4) 'यदि वह आता तो मैं भी साथ चलता' वाक्य एक सरल वाक्य है।

(5) 'चपलता' शास्त्रीय संगीत का मुख्य गुणधर्म है।

(6) पटकथा की मूल इकाई 'दृश्य' है।



https://www.mpboardonline.com

प्र.4 जोड़ी का सही मिलान कर लिखिए – (1×7=7)

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (1) त्रिलोचन | (क) आलो–आंधारि |
| (2) अक्क महादेवी | (ख) अपू के साथ ढाई साल |
| (3) भारतेंदु युग | (ग) 'धरती' काव्य संग्रह |
| (4) वायु, अग्नि, जल | (घ) हे भूख! मत मचल |
| (5) सत्यजीत राय | (ङ) फ्लैशबैक |
| (6) बेबी हालदार | (च) जागरण काल |
| (7) अतीत में घटी घटना | (छ) तत्सम |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (1×7=7)

(1) अक्क महादेवी किसे अपने वश में करना चाहती हैं?

(2) रस के कितने अंग होते हैं?

(3) जामुन के पेड़ के नीचे दबे आदमी को सबसे पहले किसने देखा?

(4) 'रजनी' पाठ की विधा का नाम लिखिए।

(5) मध्य प्रदेश की सरकारी कामकाज की भाषा कौनसी है?

(6) धरातल पर बहने वाले पानी को क्या कहते हैं?

(7) भारत का पहला समाचारवाचक किसे माना जाता है?

प्र.6 चंपा कलकत्ता के बारे में क्या कहती है और क्यों? (2)

<u>अथवा</u>

अपने दूसरे वचन में अक्क महादेवी ईश्वर से क्या प्रार्थना करती हैं?

प्र.7 सगुण और निर्गुण भक्ति में दो अंतर लिखिए। (2)

<u>अथवा</u>

छायावाद की दो विशेषताएँ लिखिए।



https://www.mpboardonline.com

प्र.8 'माधुर्य गुण' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

'शांत रस' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.9 'विशेषोक्ति अलंकार' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

'रोला छंद' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.10 भूलो की जगह दूसरा कुत्ता क्यों लाया गया? उसने फिल्म के किस दृश्य को पूरा किया? (2)

अथवा

कृषि विभाग वालों ने मामले को हॉर्टीकल्चर विभाग को सौंपने के पीछे क्या तर्क दिया?

प्र.11 संस्मरण किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

गद्य की किन्हीं चार विधाओं के नाम लिखिए।

प्र.12 मुहावरे और लोकोक्ति में कोई दो अंतर लिखिए। (2)

अथवा

'निपात' शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.13 निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कर लिखिए – (2)

(अ) सद्चरित्र व्यक्ति को सभी चाहते हैं। (मिश्र वाक्य)

(ब) मनुष्य का हवा में उड़ना असंभव है। (बिना अर्थ बदले नकारात्मक)

अथवा

शब्द युग्म से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।



https://www.mpboardonline.com

प्र.14 लता के गायन की दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

अथवा

सुनील कौन था? उसने बेबी हालदार की सहायता किस प्रकार की?

प्र.15 'डिकोडिंग' के बारे में लिखिए। (2)

अथवा

वॉचडॉग पत्रकारिता किसे कहते हैं? लिखिए।

प्र.16 'कबीर' **अथवा** 'दुष्यंत कुमार' की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिन्दुओं के अंतर्गत लिखिए – (3)

(अ) दो रचनाएँ

(ब) भावपक्ष–कलापक्ष

(स) साहित्य में स्थान

प्र.17 'कृष्णा सोबती' **अथवा** 'मन्नु भंडारी' की साहित्यिक विशेषताएँ निम्न बिन्दुओं के अनुसार लिखिए – (3)

(अ) दो रचनाएँ

(ब) भाषा शैली

(स) साहित्य में स्थान

प्र.18 भाव विस्तार कर लिखिए – (3)

मन के हारे हार है, मन के जीते जीत

अथवा

नशा निवारण अभियान के अंतर्गत 'जीवन नशा मुक्ति केंद्र', एम पी नगर, भोपाल (म.प्र.) की ओर से जनहित में प्रकाशित करने हेतु एक विज्ञापन तैयार कर लिखिए।



https://www.mpboardonline.com

प्र.19 निम्नलिखित अपठित पद्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (3)

तुम हो धरती के पुत्र, न हिम्मत हारो,
श्रम की पूँजी से, अपना काज संवारो
श्रम की सीपी में ही वैभव ढलता है,
तब स्वाभिमान का दीप; स्वयं ही जलता है
मिट जाता है दैन्य, स्वयं क्षण में,
छा जाती है नवदीप्ति, धरा के कण में
जागो, जागो श्रम से, नाता तुम जोड़ो,
पथ चुनो काम का, आलस भाव तुम तोड़ो

प्रश्न – https://www.mpboardonline.com

(i) उक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(ii) मनुष्य अपना काज कैसे सँवार सकता है?
(iii) वैभव कहाँ ढलता है?

अथवा

भारत हम सभी का घर है और हम सभी इसके सदस्य हैं। हमें आपस में मिल–जुल कर रहना चाहिए। यदि घर में एकता नहीं होगी तो आपस में कलह और द्वेष बढ़ेगा। जिस घर में फूट हो, उस घर का सम्मान कोई नहीं करता। इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब–जब हममें एकता का अभाव हुआ तब–तब हम पराधीन हो गए। जयचंद के कारण भारत पराधीन हुआ। एकता के अभाव के कारण ही सन् 1947 में देश का विभाजन हुआ। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आज फिर फूट डालने वाली शक्तियाँ सिर उठा रही हैं। यदि हम सभी आपस में संगठित रहेंगे, तो कोई भी देश हमारा बाल भी बाँका नहीं कर सकता। संगठन में बड़ी शक्ति होती है। पानी की एक–एक बूँद से बड़ी नदी बन जाती है। अनेक धागे मिलकर जब रस्सी बनाते हैं, बड़े–बड़े हाथी भी उससे बाँधे जा सकते हैं। आग की छोटी–छोटी चिंगारियाँ मिलकर महाज्वाला बनती हैं और बड़े–बड़े जंगलों और भवनों को स्वाहा कर डालती हैं।

प्रश्न –

(1) उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(2) यदि घर में एकता नहीं होगी तो क्या होगा?
(3) 'संगठन में शक्ति होती है' इसका एक उदाहरण लिखिए।



https://www.mpboardonline.com

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ एवं प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (4)

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई,
जा के सिर मोर मुकुट, मेरो पति सोई।
छाँड़ि दयी कुल की कानि, कहा करिहै कोई,
संतन ढिंग बैठी–बैठी, लोक–लाज खोई।
अंसुवन जल सींची–सींची, प्रेम–बेलि बोयी,
अब तो बेली फैली गयी, आणंद–फल होयी।

**अथवा**

किन्तु उनसे यह न कहना,
उन्हें देते धीर रहना,
उन्हें कहना लिख रहा हूँ,
उन्हें कहना पढ़ रहा हूँ,
काम करता हूँ कि कहना,
नाम करता हूँ कि कहना,
चाहते हैं लोग कहना,
मत करो कुछ शोक कहना।

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (4)

दुनिया सोती थी, पर दुनिया की जीभ जागती थी। सवेरे देखिये तो बालक–वृद्ध सभी के मुँह से यही बात सुनाई देती थी। जिसे देखिये, वही पंडित जी के इस व्यवहार पर टीका–टिप्पणी कर रहा था, निंदा की बौछारें हो रही थी, मानो संसार से अब पापी का पाप कट गया। पानी को दूध के नाम से बेचनेवाला ग्वाला, कल्पित रोजनामचे भरने वाले अधिकारी वर्ग, रेल में बिना टिकट सफ़र करने वाले बाबू लोग, जाली दस्तावेज बनाने वाले सेठ और साहूकार, यह सब के सब देवताओं की गरदनें चला रहे थे।

**अथवा**

धनराम की संकोच, असमंजस और धर्मसंकट की स्थिति से उदासीन मोहन संतुष्ट भाव से अपने लोहे के छल्ले की त्रुटिहीन गोलाई को जाँच रहा था। उसने धनराम की ओर अपनी कारीगरी की स्वीकृति पाने की मुद्रा में देखा। उसकी आँखों में एक सर्जक की चमक थी – जिसमें ने स्पर्धा थी और न ही किसी प्रकार की हार–जीत का भाव।



https://www.mpboardonline.com

प्र.22 जल की अनियमित आपूर्ति की समस्या के निवारण हेतु निगम आयुक्त को शिकायती पत्र लिखिए। (4)

अथवा

अपने पिता को वार्षिक परीक्षा की तैयारी की जानकारी देते हुए पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए – (4)

(1) कंप्यूटर की उपयोगिता .

(2) स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत

(3) विद्यार्थी और अनुशासन

(4) खेलों का महत्त्व

(5) पुस्तकालय का महत्त्व

---



https://www.mpboardonline.com